## खबर संक्षेप

### कलेक्टर और एसपी ने किया अस्थाई पटाखा बाजार का निरीक्षण

**मण्डला।** दीपावली पर्व के मद्देनजर स्थानीय जेल ग्राउंड में कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकचेला ने पटाखा बाजार का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने विद्युत विभाग और नगरपालिका को निर्देशित किया कि प्रत्येक दुकानों में किये गए विद्युतीकरण कार्य में विशेष सावधानी बरती जाए। उन्होंने कहा कि सभी दुकानों में पानी, रेत और अग्निशमन यंत्र की उपलब्धता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री मिश्रा ने थाना कोतवाली को निर्देशित किया कि रात्रि में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल की ड्यूटी निर्धारित करें। उन्होंने कहा कि पटाखा बाजार परिसर में पटाखे टेस्टिंग ना करने दें। उन्होंने नगरपालिका सीएमओ को निर्देशित किया कि पटाखा बाजार परिसर में पानी के टेंकर की व्यवस्था सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, एसडीओपी पीयूष मिश्रा, तहसीलदार मंडला हिमांशु भलावी, नगरपालिका सीएमओ श्री गजानंद नाफड़े सहित संबंधित उपस्थित थे।

### बच्चों के साथ मनाई गई नए सपनों की शुभ दीपावली

**मण्डला।** वन स्टॉप सेंटर (सखी) में प्रशासक सुश्री प्रेरणा मर्सकोले द्वारा स्थानीय बच्चों के साथ शुभ दीपावली मनाई गई। बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार की कहानी एवं गीत का प्रदर्शन किया गया। प्रशासक द्वारा बच्चों को उपहार का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में स्टॉप काउंसलर भारती दीक्षित, केसवर्कर आशा नंदा, साक्षी पटवा बहुउद्देशीय आई.टी. वर्कर भोला कछवाहा, बहुउद्देशीय कार्यकर्ता आरती वरकड़े, हरिशंकर उपस्थित रहे।

### धनतेरस पर मण्डला पुलिस ने लौटाये लोगों को खोये हुये मोबाईल

# पुलिस ने मनवा दी लोगों की दीवाली

*** अब तक सवा तीन करोड कीमत के मोबाईल किए गए रिकवर।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




थाना मंडला पुलिस द्वारा आज धनतेरस के अवसर पर थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गुम मोबाईल की शिकायत पर कार्यवाही करते हुए 100 मोबाइल रिकवर कर उनके वास्त्विक मालिकों को प्रदान किये गये। थाना कोतवाली की मोबाइल रिकवरी टीम एवं साइबर डेस्क ने कार्यवाही के दौरान विगत 02 माह में विभिन्न जिलों में समन्वय स्थापित कर कोतवाली थाना क्षेत्र की शिकायतों में 100 मोबाइल दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त हुई है।

उल्लेखनीय हैं कि मंडला पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक मंडला के निर्देशन मे थाना स्तर पर CEIR एवं NCRP पोर्टल आदि के संचालन हेतु साइबर डेस्क की स्थापना भी की गई तथा मोबाइल गुम होने की शिकायत पोर्टल पर शतप्रतिशत दर्ज करने रहा समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु प्रत्येक थाने में प्रशिक्षित पुलिसकर्मियों की टीम तैयार कर मोबाइल रिकवर के कार्यों में लगाया गया हैं। जिसके परिणामस्वरूप पोर्टल का उपयोग करके मंडला पुलिस को पिछले डेढ़ वर्षों में 2243 मोबाइल जिसकी अनुमानित कीमत लगभग सवा तीन करोड हैं रिकवर कर वास्तविक मालिकों को सौंपे गए। जिसमें वर्ष 2024 में 1046 एवं वर्ष 2025 में 1197 मोबाइल रिकवर करने में सफलता प्राप्त हुई। वर्तमान समय में मोबाइल किसी भी व्यक्ति के जीवन में महत्वपूर्ण है ऐसे में यदि मोबाइल खो जाता है तो व्यक्ति को न केवल आर्थिक बल्कि कई महत्वपूर्ण जानकारी भी खो जाता हैं। ऐसे में मोबाइल गुम होने पर आवेदकों की परेशानियों को दृष्टिगत रखते हुये जिले के सभी थानो मे सायबर हेल्प डेस्क की स्थापना की गईं हैं। साथ ही मंडला पुलिस द्वारा आमजन को भी पोर्टल के उपयोग एवं सायबर पोर्टल के संबंध में जागरुक करने हेतु अभियान चलाये जा रहें है।




कंट्रोल रूम में आज आयोजित कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शिव कुमार वर्मा द्वारा उपस्थित मोबाइल धारकों एवं उनके साथ आए परिजनों व मीडिया प्रतिनिधियों को नेशनल साइबर जागरूकता माह अंतर्गत वर्तमान में हो रहे साइबर फ्रॉड एवं उनके बचाव तथा साइबर स्वक्षता के बारे में जानकारी साझा की गईं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी को यातायात नियमों का पालन करने, सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु शासन की अलग अलग योजना जैसे राह वीर योजना, हिट एंड रन प्रतिकर योजना आदि के संबंध में जानकारी साझा की।

थाना कोतवाली अंतर्गत मोबाईल रिकवरी एसडीओपी मण्डला पीयूष मिश्रा के नेतृत्व में सायबर नोडल थाना प्रभारी निरीक्षक शफीक खान, सायबर नोडल थाना से पुनीत जंघेला, धीरेन्द्र रुगदिया एवं सायबर सेल की भूमिका रही।

# आयुष विभाग में धूमधाम से मनाई गई धनवंतरी जयंती



*** मंत्री संपतिया उइके ने की पूजा-अर्चना।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

आयुष विभाग द्वारा धन्वंतरि जयंती के अवसर पर शुक्रवार को विशेष पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कार्यक्रम में शामिल होकर भगवान धन्वंतरि की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को धनतेरस एवं दीपावली की शुभकामनाएं दीं तथा सबके उत्तम स्वास्थ्य, समृद्धि एवं लक्ष्य की प्राप्ति की कामना की।

मंत्री उइके ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सब स्वस्थ रहें, अपने-अपने लक्ष्यों को प्राप्त करें और हमारा देश-प्रदेश सदैव स्वस्थ एवं समृद्ध रहे।

भगवान धन्वंतरि को आयुष का जनक माना जाता है, क्योंकि समुद्र मंथन के समय वे अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे और मानवता को आयुर्वेद का दिव्य ज्ञान प्रदान किया था। तभी से उन्हें आयुर्वेद, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विज्ञान के देवता के रूप में पूजनीय माना जाता है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, नगर पालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, आयुष अधिकारी गायत्री अहाके सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। श्रद्धा और उत्साह के माहौल में सभी ने जनकल्याण एवं स्वस्थ समाज की मंगल कामनाओं के साथ भगवान धन्वंतरि की आराधना की।



# बिना पैथोलॉजिस्ट के कैसे संचालित हो रही पैथोलॉजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



किसी भी बीमार व्यक्ति के ईलाज के लिये सबसे पहले यह ज्ञात होना आवश्यक होता है कि उसे बीमारी कौन सी है। पहले के चिकित्सक जहां नाड़ी पकड़कर ही बीमारी के बारे में जान लेते थे आज ऐसा नहीं है आज के समय जब तक जांच रिपोर्ट सामने नहीं आ जाती तब तक चिकित्सक किसी तरह का उपचार करने से परहेज करते हैं।

खून, पेशाब सहित अन्य जांचों के लिये पैथोलॉजी सेंटर होते हैं जहां से मरीजों को जांच रिपोर्ट मिलती है और उस रिपोर्ट के आधार पर चिकित्सक उपचार तय करते हैं। पैथोलॉजी सेंटरों में जांच रिपोर्ट पैथोलॉजिस्ट की देखरेख में ही बनाई जाये यह नियम शासन द्वारा निश्चित किया गया है लेकिन दुर्भाग्य यह कि मण्डला में यदि सरकारी आंकड़ों को सही समझा जाये तो मात्र एक पैथोलॉजिस्ट हैं जो कि शासकीय चिकित्सालय में पदस्थ हैं इसके अलावा और कोई पैथोलॉजिस्ट फिलहाल नहीं है अब ऐसी स्थिति में नगर में जो दर्जन भर से ज्यादा पैथोलॉजी सेंटर संचालित हैं उन सेंटरों में आखिर रिपोर्ट किसके निर्देशन एवं मार्गदर्शन पर जारी की जा रही है।

इस संबंध में जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से जब हरिभूमि ने बात की तो उन्होंने बताया कि पैथोलॉजी सेंटर दो तरह संचालित हो रहे है एक तो वे जहां पैथोलॉजिस्ट मौजूद हैं और उनकी देखरेख में जांच रिपोर्ट मरीजों को उपलब्ध कराई जाती है दूसरी व्यवस्था यह है कि पैथोलॉजी सेंटर कलेक्शन सेंटर के नाम से संचालित हो रहे हैं इन सेंटरों में खून, पेशाब सहित अन्य आवश्यक चीजों के सेंपल एकत्रित किये जाते हैं और फिर उन्हें प्रमाणित पैथोलॉजी सेंटरों में जांच के लिये भेजा जाता है और जब वहां से रिपोर्ट प्राप्त होती है उसे मरीजों को उपलब्ध कराया जाता है।

बातचीत के दौरान पहले तो सीएमएचओ मण्डला ने बताया कि पैथोलॉजी सेंटरों में पैथोलॉजिस्ट पदस्थ हैं लेकिन जब उनसे जानकारी मांगी गई कि कौन से पैथोलॉजी सेंटर में कौन सा पैथोलॉजिस्ट पदस्थ है तो इस पर वे खामोश रहीं और उन्होंने जानकारी लेकर बताने को कहा।

यदि सीएमएचओ मण्डला की बात पर यकीन किया जाये तो पैथोलॉजी सेंटर कलेक्शन सेंटर के नाम से संचालित हैं ऐसे में जब सेंपल यहां से नजदीकी प्रमाणित पैथोलॉजी में भेजा जायेगा तो या तो जबलपुर भेजेंगे या फिर नागपुर भेजना होगा दोनों ही जगह से रिपोर्ट आने में कम से कम 24 घंटे का समय तो लगेगा ही चलिये मान लें बहुत त्वरित सेवा है तो भी 10 से 12 घंटे तो लगेंगे ही लेकिन वास्तविकता यह है कि पैथोलॉजी सेंटर में आपने सेंपल दिया और आधे घंटे बाद आपको रिपोर्ट उपलब्ध करा दी जाती है। इसका स्पष्ट आशय यह है कि जांच यहीं के पैथोलॉजी सेंटर में की जाती है और जांच रिपोर्ट भी यहीं तैयार हो रही है। अब प्रश्न यह उठता है कि जब पैथोलॉजी सेंटर में पैथोलॉजिस्ट पदस्थ नहीं तो फिर रिपोर्ट किसके निर्देशन तैयार की जा रही है अब इस तरह की जांच रिपोर्ट जो मरीजों को दी जा रही है यदि उसमें किसी तरह की ऊंच-नीच होती है और उस आधार पर जो उपचार चिकित्सक द्वारा दिया जाता है उससे यदि मरीज के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा देखा गया है कि जांच रिपोर्ट को लेकर तरह-तरह की बातें चर्चा में रही है लिहाजा स्वास्थ्य विभाग को जांच कर स्थिति स्पष्ट करना चाहिये।



## शातिर चोर गिरफ्तार, 1.60 लाख की संपत्ति जप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडला एवं एसडीओपी निवास के मार्गदर्शन में थाना बीजाडांडी पुलिस ने चोरी के दो मामलों का खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर 1,60,000/- की चोरी गई संपत्ति बरामद की है। दिनांक 23.08.2025 को रमतिला तिराहा बीजाडांडी से एक मोटर सायकल तथा दिनांक 30.08.2025 को ग्राम मगरधा बैगा भैरी डेम से 20 नग लोहे की प्लेटें चोरी हुई थीं। मुखबिर सूचना एवं तकनीकी सहायता से खूटा पड़ाव निवासी सलीम व इमरान उर्फ इब्बू को गिरफ्तार कर चोरी की मोटर सायकल, 20 लोहे की प्लेटें एवं घटना में प्रयुक्त लोडिंग ऑटो जप्त किया गया। जप्त संपत्ति एवं लगभग मुल्य-मोटर सायकल –50,000/-, 20 नग लोहे की प्लेटें-50,000/-, लोडिंग ऑटो –60,000/-, कुल लगभग मूल्य – 1,60,000/- गिरफ्तार आरोपी-मो. सलीम पिता शेख नजीर (40 वर्ष) निवासी आनंद नगर, जबलपुर, इमरान उर्फ इब्बू पिता अब्दुल अजीज (32 वर्ष) निवासी शास्त्री वार्ड, जबलपुर। पुलिस टीमः थाना प्रभारी प्रदीप कुमार पांडेय, उनि. पंकज विश्वकर्मा, सउनि. छविलाल सूर्यवंशी, प्र.आर. उमाकांत कुमरे, आर. संदीप मेवाड़ा, अलोक मरावी, भोजराम मरकाम, एवं सायबर सेल के आर. सूर्यचंद्र बघेल, सुरेश भटेरे।

**समीक्षा** | सीएम हेल्पलाईन एवं समाधान ऑनलाईन की आयोजित हुई समीक्षा बैठक।

# सीएम हेल्पलाईन की प्रगति संतोषजनक नहीं

*** संतुष्टीपूर्ण निराकरण पर फोकस करने के निर्देश।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सीएम हेल्पलाईन एवं समाधान ऑनलाईन के प्रकरणों के संबंध में जिला अधिकारियों की बैठक जिला योजना भवन में ली। उन्होंने कहा कि आगामी 2 दिवस में माह की रैंकिंग जारी होनी है। जिले का वर्तमान प्रतिशत संतोषजनक नहीं है। सभी जिला अधिकारी हेल्पलाईन के प्रकरणों का स्वयं फॉलोअप लें। शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण पर फोकस करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग विभागीय रैंकिंग में टॉप 10 में अपना स्थान सुनिश्चित कराएं।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने उच्च न्यायालय के अवमानना के प्रकरणों के संबंध में समीक्षा करते हुए कहा कि प्रत्येक प्रकरण में कम्पलाईंस सुनिश्चित करें। उच्च न्यायालय में जमा किए गए प्रतिवेदन की पावती की प्रति जिला शाखा में अनिवार्य रूप से जमा कराएं। रिट पिटिशन के प्रकरणों में गंभीरतापूर्वक समुचित जवाब न्यायालय में प्रस्तुत करें। समय पर समुचित जवाब प्रस्तुत न करने पर यही प्रकरण आगे अवमानना में चले जाते हैं। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री शाश्वत सिंह मीना, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम सहित संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित थे।



## अनुविभागीय अधिकारी बिछिया ने सिझौरा छात्रावास के बच्चों के साथ मनाई दीपावली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



दीपावली पर्व के शुभ अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बिछिया सुश्री सोनाली देव सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास (नॉर्मल) सिझोरा के बच्चों के बीच पहुंच कर छात्रावास के बच्चों के साथ दीपावली बड़े उत्साह एवं धूमधाम से मनाई। छात्रावास में प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार दीपावली का आयोजन किया जाता रहा है गत वर्ष की तरह अनुविभागीय अधिकारी बिछिया को एक बार फिर छात्रावास बच्चों के साथ मनाने पहुँची बच्चे भी अपने बीच अपनी आयडल अधिकारी को पाकर बहुत खुश हुए। छात्रावास में सोनाली देव ने छात्रों के साथ लक्ष्मी पूजन कर माल्यार्पण किया और दीपमाला का प्रथम दीप जलाया। सोनाली देव ने छात्रावास के बच्चों को पटाखे, चॉकलेट एवं गिफ्ट प्रदान किया। अनुविभागीय अधिकारी बिछिया ने छात्रावास के बच्चों के साथ जमकर पटाखे जलाए, साथ ही बच्चों का अहीर नृत्य की खूब तारीफ की।

छात्रों के बीच बैठकर अनुविभागीय अधिकारी बिछिया सोनाली देव ने बच्चों से छात्रावास की गतिविधियों की जानकारी, शनिवार को विद्यालय में होने वाली की टेस्ट परीक्षा की जानकारी, प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी की जानकारी भी ली।

अनुविभागीय अधिकारी सोनाली देव जी ने इस अवसर पर बच्चों का भविष्य के मार्गदर्शन भी किया बच्चों को कैरियर निर्माण योजना, समय प्रबंधन, अवसर का लाभ उठाना, जेईई, नीट, क्लेट अन्य परीक्षा की जानकारी भी दी साथ ही देश के विभिन्न प्रख्यात विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया भी समझाया। साथ ही छात्रावास के बच्चों के प्रश्नों के जवाब भी दिया एवं उच्च शिक्षा के लिए शासकीय योजनाओं की जानकारी भी दी।

दीपावली पर्व के अवसर पर छात्रावास में अनुविभागीय अधिकारी सोनाली देव जी ने छात्रावास के छात्रों के साथ विशेष भोजन भी किया इस अवसर पर छात्रावास में स्थानीय मिलेट कोदो भात, कुटकी की खीर, सरसों की साग एवं अन्य खाने में परोसा गया। स्वादिष्ट भोजन के लिए अनुविभागीय अधिकारी सोनाली देव ने छात्रावास के रसोइयों की तारीफ की।

इस अवसर छात्रावास के विशेष प्रतिभावान बच्चों विमल प्रकाश मुराली (10वी में 95 प्रतिशत), देवराज मरावी (सीनियर वॉलीवाल विभागीय टीम के प्रतिभागी), नीतू मरावी गोल्ड मेडलिस्ट विभागीय राज्य एथलेटिक्स प्रतियोगिता 400मी दौड़ एवं शालेय राज्य एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए चयनित से एक एक कर चर्चा की एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

अनुविभागीय अधिकारी बिछिया सोनाली देव ने बच्चों को अपने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी अच्छी तरह पढ़ाई करें किसी भी परिस्थिति में हार न माने हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रयासरत रहे।

दीपावली के इस शुभ अवसर पर जिला परियोजना समन्वयक मंडला सह विकासखंड शिक्षा अधिकारी बिछिया कुलदीप कठल एवं छात्रावास अधीक्षक शीतेन्द्र सिंगौर उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### विकास कार्यों पर लगे सवालिया निशान, शासन की राशि का सही नहीं हो रहा उपयोग

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने क्षेत्र की सुविधा हेतु जनकल्याणकारी योजनाओं तथा अपने कोटे की निधि से विकास कार्य करवाये जाते हैं लेकिन अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से इन निधियों का सही तरीके से उपयोग नहीं हो पाता और लाखों करोड़ों रूपयों की लागत से निर्मित विकास कार्यों की चंद महीनों में ही पोल खुलने लगती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत चावरपाठा के अंतर्गत अनेक गांवों में किए गए विकास कार्यों पर शासन द्वारा खर्च की गई राशि को देखते हुए जान पड़ रह है? इस संबंध में क्षेत्रवासियों ने बताया कि यहां पर अन्य निधियों से निर्मित पुलिया, सीसी रोड, पंचायत भवन, शाला भवन, चबूतरे तथा अन्य निर्माण किये गए हैं साथ ही शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं सहित भी विकास कार्य जनप्रतिनिधियों के प्रयास से हुए हैं । मगर उनमें बरती गई गुणवत्ता की सच्चाई वह निर्माण कार्य अपने निर्माण के पूर्ण होने के चंद दिनों बात स्वयं बताते हुए जान पड़ रहे है? इस संबंध में बताया जाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक कार्य शासकीय अधिकारी व ठेकेदारों की मिलीभगत से हुए हैं, उन निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री का उपयोग कर भवन, सीमेंट मार्ग, मुरमीकरण, कुंआ निर्माण आदि शामिल है। यदि इन निर्माण कार्यो की सच्चाई की निष्ठा के साथ जांच कराई जावे तो क्षेत्र के अनेक पंचातयों की सच्चाई सामने आ सकती है?

### भारी भरकम वाहनों का ग्राम के अंदर से प्रवेश किसी दिन दे सकता है बड़ी घटना को अंजाम

हरिभूमि न्यूज/कौडिया। प्रदेश की राजधानी भोपाल को प्रदेश की संस्कारधानी जबलपुर से जोड़ने वाला गाडरवारा करेली मुख्य मार्ग यानी की स्टैट हाईबे ग्राम कौड़िया के बीच से गुजरा हुआ है जिस प्रकार प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में भारी भरकम वाहनों का आना जाना लगा रहने के कारण जहां आये दिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही है, वही दूसरी ओर ग्राम के उन मासूम बच्चों के लिए खतरे की घंटी बजते हुए देखा जा रहा है जो सड़क किनारे स्थित स्कूलों में अध्ययन करने के लिए आते जाते रहे है? वही दूसरी ओर जब इस मार्ग से ओवर लोड वाहनों का निकलना होता है तो स्थिति इस प्रकार से देखने मिलती है कि ऊपर से निकलने हुए बिजली तारों से टकराते हुए वाहन निकलने से किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से भी इंकार नही किया जा सकता है? बताया जाता है कि इन भारी भरकम वाहनों से गांव के अंदर से निकलने के चलते पूर्व के समय में भी अनेक घटना घटित हो चुकी है जिसमें मासूम बच्चों से सहित अनेक युवा अपनी जाने गंवा चुके है? वही दूसरी ओर नगर के अंदर सकरी सड़क होने के कारण जाम लगने से ग्रामवासियों को उस समय परेशानी का कारण बन जाता है जब कोई व्यक्ति कही वाहन लेकर अपने जरूरी काम से जा रहा होता है तो उसे इस जाम के बीच काफी समय तक खड़ा रहने के लिए मजबूर होना पड़ता है। इस प्रकार की स्थिति को ध्यान में रखते हुए ग्राम कौड़िया के लोगों द्वारा ग्राम के बाहर से वायपास मार्ग निर्माण की मांग की जाने लगी है, लोगों का कहना है कि यदि समय रहते हुए वायपास मार्ग का निर्माण नही हुआ तो निश्चित तौर से किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने से इंकार नही किया जा सकता है?

### गांवों में लकड़ी के खम्बों के भरोसे चल रही बिजली लाईनों से बन रहा खतरा

हरिभूमि न्यूज/सडूमर। जहां एक ओर बिजली विभाग द्वारा क्षेत्र के किसानों से बिजली बिलों की बसूली को लेकर तो अपना पूरा जोश लगाया जा रहा है। मगर वही दूसरी ओर क्षेत्र के फैली बिजली लाईनों के सुधार कार्य से लेकर उनके रख रखाब में इस प्रकार की उदासीनता बरती जाती है कि जहां तहां झूलते हुए बिजली तारों से निकलने वाली आग की चिंगारियों से किसानों के खेतों में जहां खड़ी हुई फसले जलकर खाक हो जाती है या फिर बिजली से लगने वाले करेन्ट के कारण लोगों को बेमौत काल के गाल में समाने के लिए मजबूर होना पड़ता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस क्षेत्र में अनेक जगहों पर देखने मिल रही है जहां पर बिजली विभाग के उदासीनता के चलते मुख्य मार्गो पर झूलते हुए बिजली तारों की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि कभी भी कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? बताया जाता है कि क्षेत्र के किसानों द्वारा अपनी सुरक्षा के लिए अपने स्तर पर लकड़ी के खम्बा लगाते हुए व्यवस्था बनाई गई है जिसके चलते क्षेत्र की बिजली सिर्फ लकड़ी के खम्बों भरोसे चलते हुए जान पड़ रही है।

# स्थानीय सामग्री की ओर बढ़ रहा लोगों का रूझान, धनतेरस पर बाजार में हुई धन वर्षा से व्यापारियों के चेहरों में देखने मिली अनोखी मुस्कान











हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

दीवाली के पूर्व धन तेरस का पर्व धन की देवी लक्ष्मी जी व भगवान धनवंतरी जी का पूजन शनिवार के दिन को होने से विशेष शुभ धनवर्षा योग में पड़ा हुआ धनतेरस का त्यौहार शहर में हर्षोल्लास से मनाया गया। इस प्रकार से शनिवार को धनतेरस होना निश्चित ही संकटो से मुक्ति दिलाने वाली मानी जा सकती है। वही इस दिन जहां अपने घरों में दीपावली मनाने के लिये जो परिजन बाहर रहे है वह अपने घरों में आने व जाने की प्रक्रिया शुरू होने के चलते नगर के रेल्वे स्टेशन पर जहां भीड़ उमड़ते हुए नजर आ रही थी। वही कई वर्ष बाद विशेष योग की धनवर्षा में आये धनतेरस का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाने शहरवासी काफी उत्साहित दिखाई पड़ रहे थें। धन तेरस के चलते नगर में लोग बाहरी सामग्री से दूरी बनाते हुये स्थानीय की ओर अग्रसर होते हुये दिखाई पड़ रहे थें तो जगमग बाजार में वर्तन, रेडीमेड, वाहनों की दुकानों सहित गिप्त आईटमों व आभूषणों विक्रेताओं ने अपनी दुकानों को वंदनवारों व फूल मालाओं से नई दुल्हन की तरह सजाई गई थी। वही फर्नीचर विक्रेताओं ने आधुनिक ढंग के फर्नीचरों की रेंज सजा ग्राहको को लुभाने के सारे जतन किये गये थें। इस प्रकार से बाजार में लगी रंगोली व मौसमी फलों तथा पुष्पहारों सहित देशी मिट्टी से निर्मित हुए दीपको सहित देवी देवताओं की तस्वीरों की छोटी दुकानों पर भी जोरदार ग्राहकी की स्थिति दिखाई देने से अहसास हो रहा था की लोग अब बाहरी को त्यागते हुये स्थानीय स्तर की ओर अग्रसर होते चले जा रहे है औ भीषण महंगाई को चुनौती देते हुए लोग पांच दिवसीय दीपावली पर्व उत्साह से मनाने के मूड में आ गए है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस वर्ष जिस प्रकार से लोगों का देशी सामग्री यानि की मिट्टी से बने हुये दियों के प्रति रूझान बढ़ा हुआ है उसके चलते बाजार में विक्रय होने के लिये आये हुये मिट्टी के दियों को पूछ परख बढ़ने का परिणाम इस प्रकार से देखा गया कि इनकी कीमतों में इजाफा दिखाई पड़ने लगा है। यदि सोने चांदी की दुकानों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो लोग बडे शोरूमों की ओर रूख न करते हुये छोटी दुकानों की ओर अग्रसर होते है देखे जा रहे है और इसी का परिणाम है कि नगर में अम्बाजी, लूनावत ज्वेलर्स पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ते हुये देखी गई। इस संबंध में जब कुछ ग्राहकों से चर्चा की गई तो उनका कहना था कि भले ही बड़ी दुकाने अपनी सामग्री को अल्मास बताने का प्रयास करते हुये पुरूस्कारों की बौछार कर रही है। मगर इन पहुंच वाले लोगों का क्या भरोसा जो राजनीति के क्षेत्र में अपनों का साथ देने में धोखा कर सकते है तो ग्राहकों के साथ विश्वास की उम्मीद कराना कहा तक संभव माना जा सकता है..? और हमको अपना माल हीरे की तरह चमकाते हुये गुणवत्ता हीन सामग्री थमा देगे तो हम कौन के पास जायेगे..। आमजन का कहना है कि जिसका जनता के बीच अपना विश्वास समाप्त हो जाता है उसे ही इस तरह पुरूस्कारों की जरूरत पड़ती है..? जब अपना माल की सौ टका सच्चाई तो फिर पुरूस्कार बाटने की क्या जरूरत..। इस तरह देखा गया कि धन तेरस के मौके पर लोग जहां सोने चांदी के शोरूमों से परहेज करते हुये लोग छोटी दुकानों की ओर अग्रसर होते हुये देखे गये। कल धनतेरस की शुभ बेला में शनिवार को दोपहर 2 बजे के बाद बाजार की चहल पहल बढ गई थी जिससे दीपावली के पहले बाजार में धनवर्षा की शुरूआत हुई। वही नगर शनि मंदिर के समीप पशु बाजार में फटाखों की दुकानें लगाने लगी है । वही प्रतिबंधित फटाखों का विक्रय करने पर नजर रखने के लिये अधिकारियों ने द्वारा फटाखा बाजार में पहुंचकर दुकानों का निरीक्षण भी किया गया। वही दूसरी ओर बाजार में उमड़ती हुई भीड़ का नजारा देखकर यह अनुमान लगने से नही चूक रहा था कि शायद लोगों के लिये महंगाई का कोई महत्व नही रह गया है। शहर के बाजार में निकली हुई भीड़ के दौरान न तो लोगों के चेहरों पर अनोखी खुशी दिखाई दे रहे थी। इस प्रकार से बीते हुये शनिवार को धनतेरस के अवसर पर लोगों ने अपने घरों व दुकानों पर शुभ मुहुर्त में धन के देवता कुबैर की पूजा अर्चना की गई तो दूसरी ओर शहर के अनेक चिकित्सालयों में चिकित्सको द्वारा भगवान धन्वतरी भगवान का पूजन कर उनका आर्शीवाद प्राप्त किया। गौरतलब है कि धनतेरस से भारतीय हिन्दू संस्कृति के प्रमुख त्यौहार दीपावली पर्व की शुरूआत होने से लोगों के घर आंगन व प्रतिष्ठान व मंदिरों में दीपको के झिल मिलाने का सिलसिला शुरू हो जाता है। वही आज रविवार को चतुर्दशी पर भी लोगों द्वारा भगवान की पूजा करते हुए उनका आर्शीवाद ग्रहण किया जावेगा। इस संबंध में नगर के विद्वमान पंडितों की जानकारी देते हुए बताया है कि धर्म ग्रंथों के अनुसार नरक चौदस पर शाम को भगवान हनुमानजी की विशेष पूजन करने व लक्ष्मी जी की आराधना करने महाकाली व माँ सरस्वती का पूजन करने से भक्तों की समस्त व्याधियाँ दूर होती है।



## प्रदेश स्तरीय राज्य मार्ग मुख्य सड़क पर बने हुये गड्डे ले रहे तालाब का रूप, वाहन चालक हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। जहां एक ओर केन्द्र से लेकर प्रदेश की सरकार द्वारा नई सड़को के निर्माण को लेकर घोषणाये करते हुये सुना जा रहा है। मगर पुरानी सड़को की स्तिथि जिस तरह बदहाल हो रहे है उसको नजर अंदाज करने के कारण लोगों परेशान होते चले जा रहे है। जिसमें मुख्य रूप से देखा जो तो गाडरवारा से सांईखेड़ा जाने वाला मार्ग जहां प्रदेश स्तरीय मार्ग में गिना जाता है। इस मार्ग से जहां प्रतिदिन लाखों लोगों का आना जाना तो होता ही है। वही दूसरी ओर झिकोली नर्मदाजी पर पुल बन जाने के कारण यह मार्ग प्रदेश की राजधानी भोपाल से सीधा जुड जाने के कारण इस मार्ग से लम्बी दूरी के वाहनों की आवाजाही के साथ साथ भोपाल पहुंचने के लिये सीधे बसों का संचालन भी हो रहा है। मगर इस मार्ग पर अनेक जगहों पर जिस तरह बारिश के दिनों में एक गड्डा निकला हुआ था वह देखते ही देखते एक तालाब के रूप में परिवर्तित होते चले जा रहे है। मगर इसके बाद भी संबंधित विभाग के साथ साथ क्षेत्र में जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के चलते आम लोगों के लिये परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है? जबकि देखा जावे तो इस मार्ग से क्षेत्र के नेताओं से लेकर अधिकारियों का लगातार आना जाना लगा रहने के बाद भी उनके वाहन इस गड्डे के पास से बरकते हुये चुपचाप निकल जाते है। मगर इस गुड्डे के सुधार को लेकर आज तक न तो किसी अधिकारी द्वारा पहल करना उचित समझा गया है और न ही क्षेत्र में उन जिम्मेदार जन प्रतिनिधियों द्वारा जो आये दिन मंचों के माध्यम से क्षेत्र की जनता को विकास के नाम पर सूरत बदलने का सपना दिखाने से नही चूकते है। इस तरह इस मुख्य मार्ग पर निकले हुये इस गड्डे के चलते जहां बड़े वाहनों को निकलने में घटनाओं की संभावना पैदा होने से नही बच पाती है तो दूसरी ओर छोटे वाहनों के साथ साथ दो पहिया वाहनों चालक तो इस गड्डे में गिरनें से नही बच पाते है?

# पंचायती राज में मेढ़ बंधान योजना की मलाई से लाल पड़ रहे अधिकारियों से लेकर पंचायतों के जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका।





निश्चित तौर से सरकार द्वारा आमजन के हितों को ध्यान में रखते हुये अनेक प्रकार की योजनाये तो बनाई जाती है। मगर उनका लाभ तिहग्राहियों को मिलने की जगह अधिकारियों के लिये दुधारू गाय साबित होने से नही चूकते है। कुछ इसी तरह की योजना मेढ़ बंधान को जिस सोच लेकर शुरू की गई थी। मगर इस योजना का लाभ क्षेत्र के कितने किसानों को मिला यह जांच का विषय बनने से नही चूक पा रहा है..? बताया जाता है कि ग्राम पंचायतों के माध्यम से संचालित होने वाली मेढ़ बंधान योजना निश्चित ही अधिकारियों से लेकर पंचायत प्रतिनिधियों के लिये दुधारू गायक साबित होने के चलते चार पहियों के मालिक बनाने में कोई कसर नही छोड़ रही है। सच्चाई पर नजर डाली जावे तो इस योजना के तहत किसानों के खेतों पर किये जाने वाले पंचायतों द्वारा मेंढ बंधान योजना मात्र कागजों तक ही सीमित होकर रहते हुए देखी जा रही है। इस बात की सच्चाई इस समय गाडरवारा तहसील के अंतर्गत आने वाली अनेक पंचायतों में आसानी से देखने मिल सकती है। जहां पर पंचायतों द्वारा किसानों के खेतो पर जिस प्रकार से मेढ़ बंधान कार्य कराते हुए पैसा निकाला जा रहा है इस कार्य में अधिकारियों से लेकर पंचायत के जन प्रतिनिधियों की भूमिका अहिम बताई जाती है। इसी का परिणाम है कि शासन की मेढ़ बंधान के कार्यो में जमकर अनियमितातायों जानकारियाँ मिलना अब आम बात हो चुकी है।

## अचानक बेमौसम छाने वाले बादलों को देखकर किसानों के चेहरो पर पड़ रही चिंता की लकीरे, यदि बारिश हुई तो सोयाबीन फसल हो जायेगी बर्बाद

हरिभूमि न्यूज/सिहोरा/बोहानी। क्षेत्र का किसान जिस प्रकार से बीते हुये कुछ वर्षो से लगातार प्रकृति की मार झेलते हुये रातदिन एक करते हुये मेहनत करने में जुटा हुआ है। मगर इस समय देखा जा रहा है कि जिस तरह आसमान पर छाने वाले बादलों से यह अनुमान लगने से चूक पा रहा है कि शायद प्रकृति की मार इन किसानों का पीछा नही छोडेगी और आसमान की ओर देखकर किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरे स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगी है..? क्योंकि इस समय जिस तरह बादल छाये हुये और प्रदेश के कुछ भागो से मिल रही जानकारियों के अनुसार अनेक जगहो पर बारिश की खबर मिलने के कारण क्षेत्र का किसान चिंता में पड़ गया है।

# सेंट्रल पब्लिक एकेडमी के बच्चों ने सांस्कृतिक दी गई शानदार प्रस्तुति, प्रदेश के शिक्षा मंत्री हुये शामिल





हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। शिक्षण संस्थाओं में बच्चों को पुस्तक के ज्ञान के साथ साथ इस तरह से परिपूर्ण किया जाता है कि वह मंचों के माध्यम से अपने अंदर छिपी हुई प्रतिभा को समय आने पर उजागर करने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा में संचालित सेन्ट्रल पब्लिक एकड़मी के बच्चों में उस समय देखने मिली जब उन्हें मंच पर आने का अवसर मिला। बताया जाता है कि बीते हुये शुक्रवार को सेन्ट्रल पब्लिक एकड़मी ने अपने बच्चों के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। स्कूली बच्चों के कार्यक्रम में प्रदेश के शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने शामिल होकर जहां बच्चों को अपना आर्शीवाद प्रदान किया गया। वही कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा धार्मिक सहित फिल्मों दुनियाँ से जुडे हुये कार्यक्रमों पर जिस तरह प्रस्तुतियाँ प्रदान की गई तो मौजूद अभिभाक सहित लोग मग्न मुग्ध होने से नही चूक पाये। शिक्षण संस्थाओं द्वारा इस तरह के आयोजन करने का उद्वेश्य होता है कि अपनी संसथा के बच्चों को मंच पर लाने के साथ साथ उन्हें भविष्य के लिये जागरूक करना। इसी सोच के चलते शिक्षण संस्थाओं द्वारा समय समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हुये बच्चों को मंच प्रदान करते हुये उनके अंदर छिपी हुई प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान किया जाता है। इस दौरान बच्चों द्वारा प्रदान की गई प्रस्तुति में कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मराठी फिल्म 'छावा' और बॉलीवुड की हिट फिल्म 'सिम्बा' पर आधारित नृत्य और नाट्य रूपांतरण कार्यक्रम रहा। इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों को खूब रोमांचित किया। इसके आलवा महाभारत, रामायण सहित अन्य प्रसंगों पर कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। वही संस्था प्रमुख राकेश शर्मा द्वारा आयोजन में पधारे हुये सभी अतिथियों सहित पत्रकारों का स्मृति चिन्ह भेंट करते हुये सम्मानित किया गया।
















**खबर संक्षेप**

## कछारी माल पंचायत में भ्रष्टाचार की जांच रिपोर्ट मांगने पहुंचे ग्रामीण



**शहपुरा।** जनपद पंचायत शहपुरा की ग्राम पंचायत कछारी माल में शासकीय धनराशि के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर आज ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर जनसुनवाई में अपनी आवाज बुलंद की। ग्रामीणों ने कलेक्टर महोदया से जांच प्रतिवेदन एवं पंचनामा की सत्य प्रतिलिपि उपलब्ध कराने की मांग की, ताकि भ्रष्टाचार की वास्तविक स्थिति जनता के सामने आ सके।ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत में निर्माण कार्यों, पुताई और अन्य शासकीय योजनाओं में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई है। इस संबंध में दिनांक 26 अगस्त 2025 को कलेक्टर डिंडौरी, सीईओ जिला पंचायत एवं एसडीएम शहपुरा को शिकायत दी गई थी। इसके बाद जिला स्तर एवं जनपद स्तर पर दो अलग-अलग जांच टीमें गठित की गई थीं ।ग्रामीणों का आरोप है कि जांच के बाद भी अब तक न तो किसी दोषी पर कार्रवाई हुई है, न ही जांच रिपोर्ट और पंचनामा की प्रति आवेदकों को दी गई है। ग्रामीणों ने कहा कि जांच केवल कागजों में सीमित है, भ्रष्टाचारियों को बचाने की कोशिश की जा रही है।

**जनसुनवाई में जताया रोष - प्रशासन को दी चेतावनी**

ग्रामीणों ने जनसुनवाई में चेतावनी दी कि यदि शीघ्र जांच रिपोर्ट की प्रति नहीं दी गई और दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो वे उमरिया रोड (राज्य मार्ग 11) पर धरना एवं चक्का जाम करने को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।पेसा ग्राम सभा अध्यक्ष भारत सिंह टेकाम एवं श्याम सिंह टेकाम ने कहा कि हम केवल पारदर्शिता और न्याय की मांग कर रहे हैं। जब जांच हो चुकी है, तो रिपोर्ट जनता से क्यों छिपाई जा रही है?ग्रामीणों के इस विरोध और जनसुनवाई में दिए गए आवेदन के बाद अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और क्या भ्रष्टाचार के आरोपियों पर कोई ठोस कार्रवाई होती है या नहीं।

## 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**उमरिया।** न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 दिसंबर को किया गया है ।लोक अदालत में न्यायायिक प्रकरण आपराधिक, सिविल, श्रम, मोटरयान दुर्घटना क्षति दावा प्रकरण, कुटुम्ब, न्यायालय के लंबित, प्रिमलिटिगेशन के समझौता योग्य प्रिलिटिगेशन के रूप में सभी बैंको के प्रकरण, नगर पालिका समकेतिक कर एवं जलकर एवं विद्युत प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमरिय ने अधिवक्ताओ एवं आम जन मानस से अपील की है कि आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठाएं ।

## छात्रवृत्ति योजनाओं में अधिक से अधिक आवेदन कराने निर्देश

**उमरिया।** सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्प संख्यक कल्याण ने प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय, प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल भरौला, शासकीय हायर सेकेण्डरी उत्कृष्ट विद्यालय उमरिया, हायर सेकेण्डरी आर सी स्कूल उमरिया, एस टी जोसेफ स्कूल बिरसिंहपुर पाली, हायर सेकेण्डारी स्कूल विद्युत मंडल पाली, केन्द्रीय विद्यालय उमरिया, शासकीय हाई स्कूल मेढक़ी, शासकीय हाई स्कूल कन्या शिक्षा परिसर उमरिया, सेन्ट्रल एकेडमी हायर सेकेण्डरी स्कूल बडेरी तथा स्वामी संतशरण संस्कृत विद्यापीठ छपरौड़ से कहा है कि भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली के माध्यम से संचालित छात्रवृत्ति योजनाओं में अधिक से अधिक आवेदन कराते हुए की गई कार्यवाही से कार्यालय को अवगत कराएं ।

### दीपावली की तैयारियां चरम पर

# रोशनी, रंगोली और रौनक से जगमगाया शहर









**प्रशासन सतर्क, बाजारों में उमड़ी भीड़**
**सुरक्षा व स्वच्छता पर विशेष जोर**

दीपों का पर्व दीपावली नजदीक आते ही डिंडोरी जिले में चारों ओर उल्लास और उत्सव का माहौल देखने को मिल रहा है। बाजारों में रौनक है, घरों और दुकानों को सजाने का दौर जारी है। हर ओर रंग-बिरंगी लाइटों, आकर्षक रंगोलियों और दीपों की जगमगाहट दिखने लगी है।

डिंडोरी।

बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में उत्साह चरम पर है।त्योहार को लेकर जिले के प्रमुख बाजारों गांधी चौक, बस स्टैंड क्षेत्र, और अन्य स्थानों पर भारी भीड़ उमड़ रही है। मिठाई, कपड़े, पटाखे, सजावटी सामान और इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकानों में ग्राहकों की खूब आवाजाही देखी जा रही है। व्यापारियों के चेहरे पर भी इस बार अच्छी बिक्री की उम्मीद नजर आ रही है।

### प्रशासन ने की व्यापक तैयारियां

जिला कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशानुसार प्रशासन द्वारा सुरक्षा और स्वच्छता के विशेष इंतज़ाम किए गए हैं। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। साथ ही, पटाखा विक्रेताओं को केवल निर्धारित स्थानों पर दुकानें लगाने और सुरक्षा नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।नगर परिषद द्वारा शहर की साफ-सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सार्वजनिक स्थलों पर दीपावली के दौरान कचरा न फैलाने की अपील भी की गई है।

### सुरक्षा के लिए प्रशासन की अपील

कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने जिलेवासियों से दीपावली को सुरक्षित, पर्यावरण-अनुकूल और मिल-जुलकर मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा दीपावली सिर्फ रोशनी और मिठास का ही नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सद्भाव का भी पर्व है। हमें इसे ज़िम्मेदारी और जागरूकता के साथ मनाना चाहिए।

### बिजली और अग्नि सुरक्षा को लेकर अलर्ट

विभागों को निर्देशित किया गया है कि दीपावली के दौरान बिजली आपूर्ति बनी रहे और अग्नि सुरक्षा के प्रबंध चाक-चौबंद रहें। जिला अस्पताल और दमकल विभाग को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

### समाजसेवियों और संगठनों की पहल

दीपावली के मौके पर कई सामाजिक संगठनों द्वारा अनाथ बच्चों, वृद्ध आश्रमों और जरूरतमंदों के बीच मिठाई, कपड़े व दीप वितरण के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इससे त्योहार में मानवीयता और संवेदना की भी चमक देखने को मिल रही है।



## कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने जिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण, मरीजों को समय पर उपचार देने के निर्देश

**डिंडोरी।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने शनिवार को जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू), आईसीयू, ओपीडी, एक्स-रे कक्ष, दवा वितरण केंद्र, ब्लड बैंक और पैथोलॉजी लैब सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों का जायज़ा लिया।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही सभी वार्डों एवं कक्षों में पर्याप्त रोशनी और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहें।उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि चिकित्सालय में नियुक्त डॉक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ समय पर अपनी ड्यूटी पर उपस्थित रहें, ताकि किसी भी मरीज को इलाज के लिए प्रतीक्षा न करनी पड़े। अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों को समय पर उपचार मिले, इसकी नियमित निगरानी की जाए।कलेक्टर ने कहा कि जिला अस्पताल आमजन की प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा का मुख्य केंद्र है, अतः यहां बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मरीजों और उनके परिजनों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

### धनतेरस पर डिंडोरी जिला अस्पताल में मनाया गया बिटिया जन्मोत्सव

# हर बेटी का आत्मीय स्वागत, हर मां का सम्मान





डिंडोरी।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत डिंडोरी जिला अस्पताल में धनतेरस के शुभ अवसर पर 'बिटिया जन्मोत्सव' का आयोजन किया गया। यह आयोजन कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदोरिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य बेटियों के जन्म को सामाजिक सम्मान और उत्सव का स्वरूप देना था।इस विशेष मौके पर जिला अस्पताल में जन्मी 20 नवजात बालिकाओं का आत्मीय स्वागत किया गया। कलेक्टर श्रीमती भदोरिया ने सभी नवजात बच्चियों को 'बिटिया उत्सव किट' भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस किट में बच्चियों के लिए खिलौने, कपड़े, बेबी केयर सामग्री, मिठाइयां, तौलिया, वेट टिशू के साथ-साथ माताओं के लिए पौष्टिक सोंठ के लड्डू भी शामिल थे। इसके अलावा, लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और सुकन्या समृद्धि योजना की जानकारी वाली पुस्तिकाएं भी प्रदान की गईं।

इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदोरिया ने कहा बेटी अब अभिशाप नहीं, बल्कि समाज का गौरव है। हमें हर बेटी के जन्म को उत्सव की तरह मनाना चाहिए। आज बेटियां हर क्षेत्र में अपनी सफलता का परचम लहरा रही हैं।उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को बल मिलता है और लैंगिक समानता को बढ़ावा मिलता है।कार्यक्रम में एसडीएम भारती मरावी, सिविल सर्जन डॉ. अजय राज, चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ. रमेश मरावी, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्याम सिंगौर, जिला जनसंपर्क अधिकारी चेतराम अहिरवार सहित महिला एवं बाल विकास विभाग और अस्पताल स्टाफ उपस्थित रहा।कार्यक्रम के अंत में कलेक्टर ने सभी माताओं से अपील की कि वे अपनी बेटियों को न केवल अच्छे स्वास्थ्य बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भी दिलाएं। प्रशासन हर कदम पर उनके साथ खड़ा है।

# दीपावली पर पटाखा दुकानों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण, सुरक्षा के दिए दिशा-निर्देश



डिंडोरी ।

दीपावली पर्व के अवसर पर डिंडोरी जिले के उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान में लगभग 50 अस्थायी पटाखा दुकानों की व्यवस्था की गई है। शनिवार को जिला कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने मौके पर पहुंचकर इन दुकानों का निरीक्षण किया और सभी दुकानदारों को शासन द्वारा निर्धारित मानकों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने सुरक्षा की दृष्टि से प्रत्येक दुकान पर अग्निशामक यंत्र के तीन सेट, रेत से भरी बाल्टियां, पर्याप्त मात्रा में पानी एवं अन्य आवश्यक सामग्री अनिवार्य रूप से रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम डिंडोरी, एसडीओपी, पुलिस अधिकारी, तहसीलदार, नगर पालिका अधिकारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

जिले में तैनात एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल) की टीम द्वारा सभी पटाखा विक्रेताओं को अग्निशमन उपकरणों के उपयोग की विशेष ट्रेनिंग भी दी गई, जिससे किसी भी आपात स्थिति में तुरंत नियंत्रण पाया जा सके।इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि दीपावली का पर्व हर्ष, उल्लास और प्रकाश का प्रतीक है। इसे हम सभी को सुरक्षा और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी के साथ मनाना चाहिए। थोड़ी सी सतर्कता हमारी खुशियों को कई गुना बढ़ा सकती है।कलेक्टर ने दीपावली पर पटाखों से होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव हेतु निम्न सावधानियां बरतने की अपील की

बच्चे पटाखे बड़ों की निगरानी में ही जलाएं, केवल खुले और सुरक्षित स्थानों पर ही पटाखे फोड़े जाएं, बिजली के तारों, पेट्रोल पंप और वाहनों के पास पटाखे जलाने से बचें, सूती कपड़े पहनें, नायलॉन या सिंथेटिक कपड़ों से परहेज करें, फटे या बचे हुए पटाखों को दोबारा न जलाएं, पास में पानी की बाल्टी या रेत का पात्र अवश्य रखें, पर्यावरण के अनुकूल ग्रीन पटाखों का ही उपयोग करें, पटाखे जलाने के बाद आसपास की सफाई सुनिश्चित करें, निर्धारित समय सीमा के भीतर ही पटाखे फोड़े जाएं। अवैध और अधिक ध्वनि करने वाले पटाखों से दूर रहें।कलेक्टर ने कहा, सुरक्षा और स्वच्छता दोनों ही प्रशासन की प्राथमिकता हैं। दीपावली को आनंद, जिम्मेदारी और सजगता के साथ मनाएं, ताकि यह पर्व सभी के लिए खुशियों भरा और सुरक्षित रहे।

## बिना अनुमति पटाखे बेचे तो होगी कारवाई, स्थलों का हुआ निर्धारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

दीपोत्सव पर्व का आगाज शनिवार यानि आज धनतेरस से शुरू हो जायेगा!पटाखा कारोबार से व्यापारियों को अच्छे व्यापार की उम्मीद है।बहोरीबंद विकासखण्ड मैं पटाखा लायसेंस के लिए 100 लोगो ने आवेदन किये है।जिसमे स्लीमनाबाद ,बहोरीबंद व बाकल मैं पटाखा दुकानों के लिए स्थल चयन कर दिया गया है।चयनित स्थलों की ग्राम पंचायतो के द्वारा साफ सफाई कराई जा रही है।स्लीमनाबाद मैं पटाखा बाजार बहोरीबंद मार्ग मै सोसायटी के ओपन कैप स्थल पर लगेगा। दीपोत्सव पर्व पर बिना लाइसेंस के पटाखे बेचने पर प्रशासन कारवाई करेगा। इस संबंध में बहोरीबंद एसडीएम राकेश चौरसिया ने बताया कि दीपावली पर्व 2025 के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्लीमनाबाद, बहोरीबंद व बाकल क्षेत्र में निर्धारित स्थानों पर अस्थायी आतिशबाजी विक्रय हेतु लायसेंस जारी किये जा रहे हैं। इन निर्धारित क्षेत्रों के अतिरिक्त अन्य स्थलों पर आतिशबाजी का विक्रय प्रतिबंधित है। एसडीएम ने एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों को आदेश दिए हैं कि वह अपने-अपने अनुभाग / थाना क्षेत्रान्तर्गत निरीक्षण कर निर्धारित स्थलों / लायसेंसधारियों के अतिरिक्त अन्य व्यक्तियों / स्थानों, फुटपाथ, ठेलों पर एवं अन्य किसी भी स्थान पर किसी प्रकार की आतिशबाजी के विक्रय पर ₹पूर्णतः रोक की कारवाई की जाए। यदि कोई व्यक्ति ऐसे स्थलों पर आतिशबाजी विक्रय करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाए।करने होंगे सुरक्षा के इंतजाम-एसडीएम के द्वारा जारी आदेशों के अनुसार स्थायी / अस्थायी आतिशबाजी लायसेंसियों को पटाखे की बिक्री के दौरान आगजनी व दुर्घटना रोकने के लिए अग्निशमन यंत्रों, रेत की बाल्टी, पानी की बाल्टी, निर्देशानुसार विद्युत व्यवस्था, दुकानों के मध्य छोड़े गये क्षेत्र को खाली रखना होगा।

# छात्रों ने प्रस्तुत किये आकर्षक और कार्यात्मक मॉडल, खूब मिली सराहना

### भारत ज्योति विद्यालय अनूपपुर में कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** भारत ज्योति विद्यालय, अनूपपुर में 17 अक्टूबर को एक अत्यंत भव्य और ज्ञानवर्धक कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, विश्लेषण क्षमता तथा विभिन्न विषयों की व्यावहारिक उपयोगिता को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, कला, कंप्यूटर, वाणिज्य, हिंदी, संस्कृत और अंग्रेज़ी जैसे विषयों पर आधारित सैकड़ों आकर्षक और कार्यात्मक मॉडल प्रस्तुत किए, जिन्हें देखकर उपस्थित अतिथि एवं अभिभावक अत्यंत प्रभावित हुए। प्रदर्शनी में छात्रों ने न केवल अपने मॉडल प्रस्तुत किए, बल्कि उनकी संकल्पना, उपयोगिता और निर्माण प्रक्रिया को भी विस्तार से समझाया, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि बच्चों ने विषयवस्तु को गहराई से समझते हुए उसे सृजनात्मकता के साथ जोड़ा है। विज्ञान विषय में "विज्ञान हर जगह है" की अवधारणा को जीवंत करते हुए बच्चों ने जीवन से जुड़ी समस्याओं पर आधारित वर्किंग मॉडल्स जैसे सोलर एनर्जी, वाटर प्यूरीफिकेशन, क्लाइमेट चेंज, स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम आदि का प्रदर्शन किया। गणित के क्षेत्र में सूत्रों की प्रस्तुति रोचक खेलों और ग्राफिकल मॉडल्स के माध्यम से की गई, जिससे यह विषय सरल और रुचिकर प्रतीत हुआ। सामाजिक विज्ञान में भारतीय संविधान, न्याय व्यवस्था, ऐतिहासिक घटनाएं, सांस्कृतिक धरोहर और सामाजिक मुद्दों पर विद्यार्थियों ने प्रभावशाली चार्ट, डायग्राम और मॉडल प्रस्तुत किए। वहीं हिंदी और संस्कृत विषय में व्याकरण, भाषा विकास, श्लोकों की व्याख्या, कहावतों एवं मुहावरों पर आधारित गतिविधियाँ प्रस्तुत की गईं। अंग्रेज़ी विषय में स्टोरी टेलिंग, लाइव लाइब्रेरी, शब्दावली का विकास और संवाद प्रस्तुति को नवाचार के रूप में प्रस्तुत किया गया। वाणिज्य क्षेत्र में जीएसटी, शेयर मार्केट, बैंकिंग प्रणाली एवं टैक्सेशन जैसे विषयों को बच्चों ने अत्यंत व्यावहारिक और समझदारी से प्रस्तुत किया। कंप्यूटर विषय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्योरिटी, हार्डवेयर-सॉफ्टवेयर के डेमो सहित डिजिटल इंडिया की झलक प्रस्तुत की गई। कला एवं क्राफ्ट की प्रस्तुति में 'बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट' गतिविधियों के अंतर्गत बच्चों ने कबाड़ से खूबसूरत सजावटी और उपयोगी वस्तुएँ बनाकर रचनात्मकता का परिचय दिया।





### बच्चों को प्रदान किया आवश्यक मार्गदर्शन

प्रदर्शनी का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर जी. एलेक्जेंडर एवं उप-प्रधानाचार्या सिस्टर जिस मारिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाते हुए मुख्य अतिथियों का स्वागत विद्यालय के बैंड मार्च द्वारा किया गया, जिसके पश्चात पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह और विद्यार्थियों द्वारा दिए गए परिचय के साथ उनका अभिनंदन हुआ। इस अवसर के मुख्य अतिथि रहे डॉ. विनोद कुमार वर्मा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं न्यायाधीश, जिला न्यायालय अनूपपुर। उन्होंने विद्यालय की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि "विद्यार्थियों का यह प्रयास इस बात का प्रमाण है कि शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं, बल्कि वह जीवन को दिशा देने वाली शक्ति है।" प्रदर्शनी के मूल्यांकन हेतु विभिन्न क्षेत्रों से विशिष्ट अतिथि एवं विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने न केवल बच्चों के कार्यों का निरीक्षण किया बल्कि उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया। गणित विषय का अवलोकन डॉ. देवेंद्र कुमार तिवारी द्वारा किया गया, जो पंडित राम गोपाल तिवारी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के डायरेक्टर और भारत विकास परिषद, विंध्य प्रांत के अध्यक्ष और रेड क्रॉस सोसाइटी अनूपपुर के सचिव हैं। उन्होंने गणितीय मॉडल्स की सराहना करते हुए बच्चों को आगे की दिशा में प्रेरित किया।

डॉ. पुष्पेंद्र कुमार मिश्रा, जो कि जिला सत्र न्यायालय में गवर्नमेंट प्रॉसिक्यूटर हैं, सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र के निर्णायक रहे। उन्होंने छात्रों से बातचीत की, उनके ज्ञान की गहराई को सराहा, और सामाजिक न्याय, कानून एवं प्रशासन जैसे विषयों पर जानकारी दी।

## खबर संक्षेप

### नेतृत्व सम्मान में शिक्षा व मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस माइंडलांसर द्वारा आयोजित शिक्षा नेतृत्व सम्मान का आयोजन भोपाल में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम बड़ी संख्या में नरसिंहपुर जिले के शिक्षक ऑन और कई संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। माइंडलांसर की सह-संस्थापक डॉ. निधि मिथिल भंडारे एवं स्नेहल मिथिल भंडारे मनोवैज्ञानिक एवं मनोचिकित्सक ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। विशेष आयोजन में 106 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में 90 से अधिक स्कूलों के प्राचार्य शामिल थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त डीजीपी सुभाष चंद्र त्रिपाठी एवं डीआईजी भोपाल डॉ. विनीत कपूर रहे। अतिथियों ने संबोधित करते हुए शिक्षा में नेतृत्व और नैतिक मूल्यों के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम में आभार डॉ निधी मिथिल भंडारे ने व्यक्त किया।

### रोजगार स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला 27 का

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र नरसिंहपुर युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत रोजगारध स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन शासकीय ठाकुर निरंजन सिंह महाविद्यालय गोटेगांव में 27 अक्टूबर 2025 को प्रातरू 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। मेले के दौरान स्वरोजगार योजनान्तर्गत विभिन्न विभागों के माध्यम से स्वरोजगार के लिए उपलब्ध कराए गए ऋण का वितरण एवं निजी क्षेत्र के फर्मध कंपनियों द्वारा रोजगार उपलब्ध कराए गए आवेदकों को ऑफर लेटर का वितरण किया जाएगा।

## दुकानों पर अनवरत बनी रही भीड़, लोगों ने की खरीददारी

# धनतेरस पर बाजार में रही रौनक









**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। शनिवार को सम्पूर्ण जिले में धनतेरस मनाई गई। धनतेरस पर लोगों द्वारा जमकर खरीदी की गई। सम्पूर्ण बाजार मे रौनक देखने को मिली, लोगो द्वारा अपनी इच्छानुसार सामग्रियों का क्रय - विक्रय किया गया। वही माना जाता है कि धनतेरस पर खरीदी करना शुभ होता है इसी क्रम में लोगो द्वारा गांव से शहर आकर जमकर खरीदी करते नजर आये पूरे दिन बाजार मे रौनक बरकरार रही देर शाम तक लोग खरीदी बिक्री करते नजर आये। वही सोने चांदी व बर्तनों की दुकानों पर सर्वाधिक भीड़ देखी गई।**

### दिन भर बनी रही चहल - पहल

जिले में धनतेरस की खरीदी को लेकर लोगों मे उत्साह काफी मात्रा में देखा जा रहा था। दुकानदारों द्वारा धनतेरस को लेकर सारी तैयारियां पूर्व से ही कर ली गई थी। सम्पूर्ण बाजार मे अनवरत चहल- पहल बनी रही लोगो द्वारा अपनी इच्छा के अनुरूप खरीदी की गई। दुकानों पर भीड़ अनवरत बनी रही दुकानदार भी दिनभर ग्राहकों को सामग्री दिखाने मे व्यस्त रहे। धनतेरस के बाजार मे जिले भर में हुई लगातार वारिश होने के कारण फसल उत्पादन मनमाफिक नही हो सका जिसका असर धनतेरस के बाजार में देखने को मिला लोगों द्वारा मनमर्जी के अनुसार खरीदी की गई। दैनिक उपयोगी सामग्रियों के साथ लोगों द्वारा साज सज्जा व पूजन आदि का सामान भी खरीदा गया ।

### शुभ मानी जाती है खरीददारी

मान्यतानुसार धनतेरस के खरीदी शुभ मानी जाती है। पूर्व से ही चली आ रही परंपरा व वेदो के अनुसार धनतेरस के दिन किसी भी सामग्री का क्रय करना शुभ माना जाता है। लोग कुछ सामग्रियों की खरीददारी के लिये धनतेरस का बड़े चाव के साथ इंतजार करते और आस भी रखते है। बीते वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष लोगो द्वारा जमकर खरीदी गई। सोने चांदी व बर्तनों की दुकानों से लेकर कपड़ा व वाहनों के शोरूम पर भी अनवरत भीड़ बनी रही लोगो द्वारा बड़ी मात्रा मे वाहन भी क्रय किये गये। धनतेरस की खरीदी के लिये लोगो द्वारा एक वर्ष पूर्व उसकी तैयारियां प्रारंभ की जाती है और धनतेरस पर सामगियों का क्रय किया जाता है।

### शाम के समय बढ़ी रौनक

सम्पूर्ण जिले मे धनतेरस के दिन पूरे बाजार मे चहल- पहल का वातावरण रहा। लोग खरीदी - विक्री करते हुये नजर आये। बीते बर्षो की अपेक्षा इस बर्ष लोगो द्वारा अपनी इच्छाओं को पूर्ण करते हुये खरीदी की। दिन मे चहल - पहल कम देखने मे आई लेकिन जैसे जैसे शाम बढ़ती जा रही थी वैसे वैसे ही बाजार मै रौनक भी बढ़ रही थी लोगो द्वारा अपनी जरूरतो की सामग्रियां एवं सोने चांदी का भी क्रय किया। सोनें चांदी की दुकानों पर देर रात तक भीड़ निरंतर बनी रही। बीते बर्षो की अपेक्षा इस बर्ष धनतेरस पर सोने चांदी की दुकानों पर अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। लोगो द्वारा सोने व चांदी के आभूषण, सिक्के, आदि का क्रय किया। माना जाता है कि धनतेरस के दिन सोना - चांदी खरीदना शुभ होता है। धनतेरस के दिन फटाखा व रंगोली बाजार मे भी काफी भीड़ देखी गई लोग बच्चों के साथ तरह तरह के फटाखे खरीदते हुये नजर आये।

### भगवान धनवंतरि का हुआ पूजन

हिन्दुसंस्कृति के महापर्व दीपावली को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। पांच दिवसीय दीप पर्व के पहले दिन धनतेरस को बाजार में खासी चहल पहल रही। धनतेरस पर घर-घर भगवान धनवंतरी एवं कुबेर जी की पूजा हुई। इस दिन परंपरानुसार आभूषण, सोने-चांदी के सिक्के, बर्तन व अन्य घरेलू उपयोगी सामग्री की खरीददारी की गई और उन्हें पूजा स्थान में रखकर पूजा अर्चना की गई। कल नरक चैदस पर सूर्योदय के पूर्व स्नान कर पूजा अर्चना की जाएगी और अगले दिन दीपावली पर्व मनाया जावेगा। इस दिन भगवान श्री गणेश एवं माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना की जावेगी।



## गोस्वामी समाज का राष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस विश्वगुरु शंकराचार्य दसनाम गोस्वामी समाज संगठन की प्रदेश इकाई राजस्थान के तत्वाधान में राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित किया गया। जिसमें प्रतिभावान छात्रों एवं वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया तथा चिंतन शिविर का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान अजेंद्रपुरी उदयपुर के निर्देशन में संपन्न हुआ। जिसमें संगठन के अन्य पदाधिकारियों के साथ मुख्य रूप से द एवरेस्ट रिसोर्ट के मालिक एवं संगठन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री दीनदयाल गिरी का विशेष सहयोग रहा। जिन्होंने संगठन के आयोजन के लिए द एवरेस्ट रिसॉर्ट को दो दिनों के लिए संगठन के लिए समर्पित कर दिया। आयोजन में पधारे हुए सभी लोगों के लिए व्यवस्थाएं राष्ट्रीय संगठन मंत्री दीनदयाल गिरी के द्वारा की गई । संगठन के विभिन्न प्रकोष्ठों से धर्म प्रकोष्ठ युवा प्रकोष्ठ एवं मातृशक्ति प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।



## दिया व रंगोली सजाओं प्रतियोगिता का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस कृपाली नृत्य संस्थान द्वारा दिया रव रंगोली सजाओं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त संबंध मे कृपाली नृत्य संस्थान की संचालिका ममता पाठक द्वारा बताया गया कि प्रतियोगिता मे 14 वर्ष के कम उम्र के बच्चों द्वारा ने भाग लिया। हमारा लक्ष्य है कि बच्चों मे छिपी प्रतिभा को निखार कर समाज के समाने लाया जाए जिससे अपने परिजनों तथा जिले का नाम रोशन कर सकें। शिक्षा के साथ कलात्मक विकास भी आवश्यक है। कृपाली संस्था के माध्यम से कत्थक भरतनाट्यम अपना शास्त्रीय कला के साथ-साथ सभी कला में आगे की ओर मार्ग दर्शन करता है। प्रतियोगिता में आदित्री तिवारी, तीसा बिसेन, आराध्या सोनी , मोक्षित मलैया, शुचि श्रीवास्तव, प्रिया वर्मा, शानवी साहू , पुष्टि शर्मा, श्रेया तिवारी , नैनी गुप्ता, अनुष्का सराठे, प्रशंसा सोनी, सृष्टि यादव, वास्तिक रैकवार, राघवी रतन राय, यशी जैन, पारुल ठाकुर, निशा दुबे, तेजस्विनी नौरिया ने भाग लिया।

## 76200 रूपए नगदी व 52 पत्तों के साथ सात जुआरी गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** बीती रात थाना मुंगवानी पुलिस द्वारा जुंआरियों पर कार्रवाई की गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि भंडारदेव आमानाला के पास जंगल में कुछ लोग जुंआ खेल रहे है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए रूपेश नामदेव निवासी नरसिंहपुर, कमलेश बंजारा निवासी ग्राम धबई, रामकुमार मेहरा जिला रायसेन, प्रशांत वर्मा निवासी सालीचैका, धनराज लोधी निवासी गाडरवारा एवं कैलाश वंशकार निवासी नरसिंहपुर को धर दबोचा। आरोपिया के पास से 76200 रूपए नगद तथा 52 ताश के पत्ते एवं 7 मोबाईल एक कार एवं दो मोटरसाईकिल जप्त की गई। आरोपियों के विरूद्ध धारा 13 पब्लिक गेम्बलिंग मध्यप्रदेश एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी गोटेगांव, निरीक्षक प्रदीप सराफ थाना प्रभारी मुंगवानी उनि संजय सूर्यवंशी, सउनि रफी दहमद, प्रधान आरक्षक करन पटेल, आरक्षक राम डेहरिया, अतुल राजनेगी, विपिन, अतुल, अनिल तेकात की सराहनीय भूमिका रही है।

## बालिका क्रिकेट कप सह फिजिकल क्लास का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने बताया कि संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग भोपाल के निर्देशानुसार जिला स्तर पर महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर में महिला सशक्त वाहिनी कक्षा संचालित की जा रही है। छात्राओं को पुलिस भर्ती व आरक्षक पद के सिलेबस अनुसार गणित, सामान्य विज्ञान एवं सामान्य बुद्धि के प्रश्न हल कराए जा रहे हैं। जिससे इन कक्षाओं के माध्यम से अधिक से अधिक बालिकाओं का चयन शासन के विभिन्न विभागों के पदों पर हो सके। इसके अलावा छात्राओं को निःशुल्क स्टेशनरी आदि भी प्रदाय की गई हैं। उन्होंने बताया कि अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिका क्रिकेट कप सह फिजिकल क्लास का आयोजन भी किया गया। जूनियर व सीनियर बालिका टीम को बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ मोनो छपे सिल्वर मेडल व गोल्डन मेडल प्रदान किए। सीनियर बालिका टीम की छात्रा सुश्री रश्मि कुर्मी को मेन ऑफ द मैच एवं बेहतर प्रदर्शन पर जूनियर टीम की छात्रा सुश्री अंजली दीक्षित को पुरस्कृत किया गया। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत संचालित महिला सशक्त वाहिनी कक्षा में 100 से अधिक छात्राओं का पंजीयन किया जा चुका है और ये छात्राएं पुलिस भर्ती की तैयारी कर रही है।



## समूह गान गान प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस भारत विकास परिषद की शाखा द्वारा स्कूली छात्रों की समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन श्रीजी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया। जिसमें 6 स्कूलों द्वारा भाग लिया गया । प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले स्कूलों के छात्र छात्राओं को निर्णायक मंडल के निर्णय अनुसार स्मृति चिन्ह मेडल प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। तथा सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष इंजी सुनील कोठारी प्रांतीय अध्यक्ष संजय तिवारी संस्कार प्रमुख आशुतोष वर्मा सेवा प्रमुख सुधीर मिश्रा संरक्षक रजनीश जैन अध्यक्ष रामकुमार ठाकुर पंकज स्वदेशी अमित खरे त्रिलोक जैन पुरुषोत्तम बसेड़िया सचिंद्र गुप्ता मलखान पटेल काशीराम राय यशवंत खेरोनिया आशीष जैन द्वारका प्रसाद सोनी बसंत खेरोनिया कमल ठाकुर मनोज दुबे राहुल अहिंसा श्रीमती आरती पटेल सहित विकास परिषद के सदस्य पदाधिकारी प्रमुख रुप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हरदीप सिंह रितु अग्रवाल ने किया ।